# न्यूरालिंक द्वारा मानव मस्तिष्क का प्रत्यारोपण

[स्रोत: एचटी](#)

एलन मस्क ने कहा कि उनकी ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस कंपनी, न्यूरालिंक द्वारा **एक तीसरे व्यक्ति** में मानव मस्तिष्क का प्रत्यारोपण किया गया, जो तंत्रिका तंत्र को मशीनों से जोड़ेगा।

- न्यूरालिंक ने **वर्ष 2025 तक 20 से 30** और लोगों में प्रायोगिक उपकरण प्रत्यारोपित करने के **लक्ष्य** के साथ अपने परीक्षणों का विस्तार करने की योजना बनाई है।
- **ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस (BSI):** तंत्रिकाओं और मांसपेशियों जैसे पारंपरिक न्यूरोमस्क्युलर चैनलों को दरकिनार करते हुए, **ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस (BSI)** प्रौद्योगिकी मस्तिष्क और कंप्यूटर या कृत्रिम अंगों जैसे बाह्य उपकरणों के बीच संचार को सक्षम बनाती है।
  - BSI **मस्तिष्क की गतिविधि का पता लगाने के लिये सेंसर** का उपयोग करते हैं, तथा इसे कमांड में परिवर्तित करते हैं, जिससे व्यक्ति अपने विचारों का उपयोग करके **उपकरणों को नियंत्रित** कर सकता है या विश्व के साथ वार्तालाप कर सकता है।
- **संभावित अनुप्रयोग: एपिलेप्सी, [पार्किंसंस](#) और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों** जैसी स्थितियों के लिये मस्तिष्क इंटरफेसिंग।
  - विचार के माध्यम से **कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर** पर नियंत्रण को सक्षम बनाना।
  - **लकवाग्रस्त व्यक्तियों** के लिये संचार बहाल करना।
  - विचारों का उपयोग करके **VR/AR अनुभवों** को बढ़ाना।
- यह **ब्रेनोवेयर** से भिन्न है, जो **मस्तिष्क के ऑर्गेनोइड्स और माइक्रोइलेक्ट्रोड का उपयोग करके "ऑर्गेनोइड न्यूरल नेटवर्क (ONN)"** का निर्माण करता है**, जो जीवित मस्तिष्क के ऊतकों को कंप्यूटिंग** में एकीकृत करता है।
  - मस्तिष्क ऑर्गेनोइड्स **3D स्टेम-सेल-व्युत्पन्न ऊतक हैं,** जो **मानव मस्तिष्क संरचना** की नकल करते हैं।

**और पढ़ें:** [न्यूरालिंक का ब्लाइंडसाइट इम्पलांट](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/human-brain-implant-by-neuralink